हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023


तापमान

अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री


10 स्टार्टअप प्रतियोगिता में राजकीय कालेज के योगेश प्रथम





10 मॉडल संस्कृति स्कूल सफीदों ने लहराया परचम




## खबर संक्षेप

### मकान का टूटा ताला जेवर तथा नगदी चोरी

**जींद।** गाव हाडवा में परिवार के लोग शादी में बाहर गए हुए थे। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना, चांदी के जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हडवा निवासी सोनू ने पुलिस को शिकायत दी है।

### बुलेट बाइक चोरी मामले में नाबालिग गिरफ्तार

**कैथल।** बाइक चोरी के एक मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ के एचसी राकेश की टीम द्वारा करते हुए 17 वर्षीय एक नाबालिग को पकड़ा गया है। प्रवक्ता ने बताया कि माता गेट कैथल निवासी सतनाम की शिकायत अनुसार 5 दिसंबर की शाम अमरगढ़ गामड़ी स्थित उसके ऑफिस के पास से उसकी बुलेट बाइक को अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया था।

### किशोरी लापता होने पर अपहरण का मामला दर्ज

**जींद।** भूपेंद्र नगर से किशोरी के गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भूपेंद्र नगर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 13 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी को कोई सुराग नहीं लगा।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से बच्चा चोटिल

**कैथल।** गांव फतेहपुर में बाइक चालक ने गली में जा रहे बच्चे को टक्कर मारकर चोटिल कर दिया। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव फतेहपूर के सुल्तान सिंह ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि 11 दिसंबर को शाम के समय उसका पोता मनन गली में जा रहा था। वहां अज्ञात बाइक चालक ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके पोते को टक्कर मार दी।

### हमला कर घायल करने पर चार के खिलाफ केस

**जींद।** भूपेंद्र नगर में हमला कर घायल करने पर शहर थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भूपेंद्र नगर निवासी मंजू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अदालत की तरफ केस के सिलसिले में अधिवक्ता मौका देखने आया था। उसी दौरान रेणुका परिवार ने उन पर हमला कर दिया।

### मार्केट में खड़ी लोडिंग गाड़ी चोरी, मुकदमा दर्ज

**कैथल।** अलग-अलग मामलों में चोर एक मकान से गहने और एक मार्केट में खड़ी लोडिंग गाड़ी चुराकर ले गए। पहले मामल में चीका के प्रकाश ने पुलिस को शिकायत दी कि 12 दिसंबर को रात के समय अज्ञात आरोपी वकील कॉलोनी चीका की मार्केट से उसकी लोडिंग गाड़ी चोरी करके ले गए। चोरी वाहन की कीमत एक लाख 20 हजार रुपये है।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए आवेदन 31 तक

**जींद।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए रा'य, केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है।

### अज्ञात ठेकेदार को डंडों से घायल कर हुए फरार

**गुहला-चीका।** देर से पेहवा रोड स्थित विष्णु धर्म कांटे के समीप बिहार के रहने वाले ठेकेदार संतोष सदा पर चार अज्ञात लोगों ने जो मोटरसाइकिल पर सवार होकर लाठी व तलवार लिए हुए थे पर हमला बोल दिया जीस से संतोष ठेकेदार को गंभीर चोटें आई और उसने मौके से भाग कर अपनी जान छुड़ाई।

## सचिव पद के लिए त्रिकोणिय होगा मुकाबला

# जिला बार का किसके सिर सजेगा ताज, फैसला आज

### बार के चार पदों के लिए नौ प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे 1150 अधिवक्ता

### प्रधान-उपप्रधान, सहसचिव पद के लिए आमने-सामने का मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला बार एसोशिएशन के प्रधान समेत चार पदाधिकारियों की किस्मत का फैसला आज होगा। शुक्रवार को होने वाले बार में मतदान को लेकर सभी तैयारियों की अंतिम रूप निर्वाचन मंडल ने दिया। बार चुनाव में प्रधान, उप प्रधान, सचिव तथा सहसचिव पद के नौ अधिवक्ता दौड़ में हैं। बार एसोसिएशन के चार पदों के लिए मैदान में उतरे नौ प्रत्याशियों, अधिवक्ताओं के भाग्य का फैसला शुक्रवार को 1150 बार के सदस्य करेंगे। बार एशोसिएशन के चुनाव मे ताल ठोक रहे अधिवक्ताओं ने वीरवार को पूरी ताकत झोकी दी है। अपने सर्कल के साथ दिनभर वोट की अपील की। शाम को अधिवक्ताओं के घरों पर दस्तक भी दी। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा। चुनाव को जीतने के लिए मैदान में उतरे अधिवक्ता कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सर्कल के साथ नजदीकिया भी तलाशी जा रही है।




**जींद।** जिला बार एसोसिएशन जींद।

जिला बार एसोसिएशन में चार पदों के लिए नौ अधिवक्ता चुनावी मैदान में है। दिलचस्ब पहलू यह है कि सचिव पद को छोड़ अन्य तीन पदों के लिए आमने-सामने के मुकाबला हो रहा है। बार प्रधान पद के लिए अधिवक्ता विकास लोहान तथा राजेश मलिक आमने-सामने है। उप प्रधान के लिए अधिवक्ता आशीष देशवाल तथा संदीप चौहान आमने-सामने है। सचिव पद के लिए अधिवक्ता देशराज सिरोहा, पूनम रंगा, विकास श्योकद के बीच त्रिकोणिय मुकाबला है। सहसचिव पद को लेकर अधिवक्ता दीपक सैनी तथा विजय नेहरा आमने सामने हैं।

#### नौ प्रत्याशी मैदान में

निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता वीरेंद्र लाठर ने बताया कि चार पदों के लिए नौ प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। सचिव पद में त्रिकोणीय तो प्रधान, उप प्रधान, सहसचिव के आमने-सामने के मुकाबले हैं। मतदान सुबह साढ़े आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। जिसके बाद गिनती होगी ओर उसी के साथ परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

# सीएम फ्लाइंग ने गाड़ी से भरे दूध के सैंपल

- दूध लेकर बीएमसी अशरफगढ़ पहुंची थी बोलेरो गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग तथा खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने वीरवार को गांव अशरफगढ़ में मिल्क प्लांट बीएमसी पर दुग्ध ला रहे बोलेरो गाड़ी से दुध के सैंपल भरे हैं। जिन्हें जांच के लैबोरेट्री भेज दिया गया है। सैंपल रिपार्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई खाद्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि मिली थी कि गांव अशरफगढ़ में दुग्ध बीएमसी के बाहर खड़ी बोलेरो गाड़ी में रखी टंकियों में से दूध को अंदर ले जाया जा रहा है। दूध की गुणवत्ता संदेह के दायरे में हो सकती है। जिसके आधार पर निरीक्षक राजदीप के नेतृत्व में टीम का गठन किया । सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर चरण सिंह, भगवान सिंह तथा जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. गौरव को भी टीम के साथ शामिल किया। जब टीम ने अशरफगढ़ बीएमसी पर दस्तक दी तो बोलेरो गाड़ी खड़ी मिली। जिसमें रखी टंकियों ने दूध का बीएमसी ले जाया जा रहा था। बोलेरो सवार लोगों की पहचान मोहम्मद खेड़ा निवासी विरेंद्र के रूप में हुई और उसने खुद को दुग्ध सोसायटी का सचिव बताया है। मौके पर बीएमसी अशरफगढ़ का सचिव सत्यवान भी मिला। दोनों ने वीटा मिल्क प्लांट से जुडे. होने की बात कही। चालक विभाग द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाया। खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने गाड़ी से दूध के सैंपल भर कर लैबोरेटरी भेज दिया।



**जींद।** सील किए गए दूध के सैंपल।

### ठगी का आरोपित एजेंट पुलिस रिमांड पर भेजा

**जुलाना।** जुलाना में डाकखाने का एजेंट बन कर करोड़ों रुपये की ठगी कर फरार आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित श्यामलाल को गिरफतार कर अदालत में पेश किया जहां से उसे तीन दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया गया है। जुलाना थाना प्रभारी समरजीत ने बताया कि गत वर्ष लगभग 25 लोगों ने शिकायत दी थी कि आरोपी श्यामलाल डाक खाने का एजेंट बन कर उनके करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

## चेयरपर्सन ने आश्वासन देकर कराया पार्षदों का धरना खत्म

- विधायक तथा नप अधिकारियों के रवैये से खफा थे 19 पार्षद

**जींद।** विधायक द्वारा शहर के विकास कार्यों में भेदभाव को लेकर पिछले चार दिनों से चला आ रहा नगर पार्षदों का धरना नगर परिषद चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने आश्वासन देकर समाप्त करवा दिया है। चेयरपर्सन ने कहा कि 15 दिनों के अंदर उनके वार्डो के कामों का टेंडर लगा दिया जाएगा। जिनके टेडर लगे हैं, उन पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही चेयरपर्सन ने नगर परिषद के अधिकारियों तथा कर्मियो को अपना रवैया सुधारने की नसीहत दी है। पार्षदों का धरना समाप्त होने पर नगर परिषद में अधिकारियो के साथ चला आ रहा गतिरोध भी समाप्त हो गया है। नगर परिषद के 19 पार्षद सोमवार विधायक पर राजनीति करने और विकास कार्य में भेदभाव करने का आरोप लगाते धरने पर बैठे थे।

## जींद रेलवे जंक्शन के पास प्रस्तावित हाइड्रोजन गैस प्लांट निर्माण की समयावधि मार्च तक बढ़ी

- रेलवे ने गैस प्लांट के निर्माण का कार्य मेधा कंपनी को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद रेलवे जंक्शन के पास प्रस्तावित हाइड्रोजन गैस प्लांट के निर्माण की समयावधि मार्च तक बढ़ा दी है। इससे पहले दिसंबर महीने तक निर्माण किया जाना था। अभी रेलवे ने हाइड्रोजन गैस प्लांट के निर्माण का कार्य मेधा कंपनी को सौंपा है। इससे पहले ग्रीन कंपनी के पास था, जिसने शर्तों के अनुसार प्लांट के निर्माण करने में असमर्थता जताई। रेलवे जंक्शन पर लगभग 118 करोड़ रुपये की लागत से हाइड्रोजन गैस प्लांट का निर्माण किया जाना है। यह गैस प्लांट दो हजार मीटर एरिया में लगाया जाएगा।

रेलवे ने दावा किया था कि वर्ष 2024 शुरुआत तक प्लांट तैयार कर दिया जाएगा लेकिन अभी इसके निर्माण में अभी कई महीने लगेंगे। निर्माण के बाद हाइड्रोजन गैस (फ्यूल) से ट्रेनों को चलाया जाएगा। ट्रेनें 140 किलोमीटर तक की रफ्तार से दौड़ेंगी। इन ट्रेनों में सफर प्रदूषण रहित होगा। हाइड्रोजन गैस से चलने वाले ईंजन धुआं की बजाय भाप और पानी छोड़ेंगे इसलिए इसमें धुआं नहीं निकलेगा।

#### मशीनरी लाने के लिए करनी होगी सड़क चौड़ी

हाइड्रोजन गैस प्लांट का जहां निर्माण हो रहा है, वहां से गुजरने वाली सडक़ की चौड़ाई बेहद कम है जबकि हाइड्रोजन प्लांट में लगने वाली मशीनें आकार में काफी बड़ी है, जिससे उनको प्लांट तक लाने के लिए सड़क को चौड़ा किया जाएगा। अब हाइड्रोजन गैस प्लांट के निर्माण के साथ-साथ सड़क की चौड़ाई का कार्य शुरू किया जाएगा। अभी सड़क के दोनों तरफ रोड़ा बिछाया जा चुका है और आगामी दिनों में सडक़ पर तारकोल बिछा दिया जाएगा। जींद रेलवे स्टेशन अधीक्षक जयप्रकाश ने बताया कि हाइड्रोजन प्लांट का निर्माण करने वाली कंपनी के अधिकारी नई दिल्ली बैठते हैं। सही जानकारी तो उन्हीं से ही मिल सकती है।

## वैदिक पथ के पथिक स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य की जयंती पर कार्यक्रम आज

### जिमखाना क्लब में होगा मित्र स्मृति समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वैदिक पथ के पथिक स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य की जन्म जयंती पर शुक्रवार को 2 बजे जिमखाना क्लब में मित्र स्मृति समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में मुख्य वक्ता के तौर पर भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर सोनीपत से कुलपति प्रो. डा. सुदेश तथा कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय से पूर्व कुलपति डा. अविनाश चावला शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जाट धर्मार्थ सभा के प्रधान देवव्रत ढांडा करेंगे। इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने बताया कि चौ. मित्रसेन आर्य सरल हृदयी, मृदुभाषी, पुरुषार्थी व पारम्परिक मूल्यों के संरक्षक-पोषक जैसे कई आयामों वाले विराट व्यक्तित्व के धनी मित्रसेन आर्य जी के आदर्श व जीवन मूल्य मानवता की सेवा करने के लिए सभी को प्रेरित करते रहेंगे। मित्रसेन का जन्म 15 दिसंबर, 1931 को हिसार जिले के गांव खांडाखेड़ी के आर्य समाजी परिवार में हुआ। उनके पिता चौधरी शीशराम जी खेती-बाड़ी के अलावा आर्य समाज के अवैतनिक भजनोपदेशक थे। चौधरी साहब ने उड़ीसा के बीहड़ जंगलों से लेकर घने पहाड़ों में शिक्षा की अलख जगाते गुरुकुल, विद्यालयों, महाविद्यालयों, बीएड कॉलेज, इंजीनियरिंग सहित कई शिक्षण संस्थाओं का निर्माण करवाया जिनमें आज हजारों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

#### चौधरी मित्रसेन आर्य मानवता के लिए प्रेरकः सुभाष



इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने कहा कि कड़ी मेहनत व लग्न के बाद चौधरी मित्रसेन आर्य ने उड़ीसा, बिहार और छत्तीसगढ़ के नामी-गिरामी माइनिंग कारोबारियों में न केवल अपनी अलग पहचान बनाई बल्कि उन्होंने कर्मचारियों को अच्छा वेतन देकर जन कल्याण का नया रास्ता खोला। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा 'कृषि विशारद' की उपाधि से सम्मानित स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य गुजरात में आए विनाशकारी भूकंप के पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए। चौधरी साहब ने भूकंप से तबाह हुए दो गांव को गोद लेकर उन्हें पुनः बसाया। तीन दर्जन से अधिक शिक्षण संस्थानों को आर्थिक व दूसरे पदार्थों की मदद देने, गो-सेवा में सराहनीय सहयोग देकर समाजसेवा के क्षेत्र में जो काम किया उसके चलते वे मानवता के लिए सदैव प्रेरक बन गए। चौधरी मित्रसेन आर्य ने देश में लुप्त होने की कगार पर पहुंचे मूल्यवान साहित्य को प्रकाशित करवाने में अमूल्य योगदान दिया।

## बिजनेस क्लास की टिकट बनवाने के नाम पर 10 लाख की धोखाधड़ी

- व्यक्ति की शिकायत पर दो आरोपितों के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सिविल लाइन पुलिस ने विदेश की बिजनेस क्लास टिकट बनवाने के नाम पर एक व्यक्ति से 10 लाख रुपये धोखाधड़ी करने के आरोप में दो व्यक्तियों को नामजद किया है। प्रताप गेट के मपाल ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि तीन जुलाई 2023 को वह अपने एक जानकार बलबीर सिंह प्रोप्टर्ी एडवाइजर के ढांड रोड स्थित कार्यालय में बैठा था। तभी उसके दोस्त घरौंडा जिला करनाल निवासी अंकुश राणा उसके पास फोन आया कि उनके एक रिश्तेदार को इंग्लेंड सेल्वोर डोर की दो बिजनेस क्लास की टिकट चाहिए। वह अपने रिश्तेदार को घरौंडा निवासी अंकुर को उसके पास भेज रहा है। उसके बाद उसने जालंधर पंजाब निवासी राज अरोड़ा को फोन किया कि उसे अपने दोस्त के लिए दो टिकट बिजनेस क्लास की चाहिए। अगर कोई जानकार है तो टिकट बनवा दो। राज अरोड़ा ने दीपक शर्मा नामक व्यक्ति का फोन नंबर उसे दे दिया। बातचीत में दीपक शर्मा ने उससे पासपोर्ट की डिटेल ले ली और कहा कि वह कल कैथल उनके पास आ जाएगा।

### लोन दिलाने के नाम पर ठगी का आरोपित दबोचा

**कैथल।** लोन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ठगी मामले की जांच इक्नोमिक सैल के एसआई सुरेश कुमार द्वारा करते आरोपी तितरम निवासी जीतु को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीवन निवासी अमित कुमार की शिकायत अनुसार गांव तितरम निवासी जीतू व सीवन निवासी लक्की ने उसे ऋण दिलवाने के नाम पर उसके साथ 2.50 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। बताया कि तितरम निवासी जीतू ने उससे कहा कि वह उसे ऋण दिलवा देगा। फिर उसने एक लाख 50 हजार रुपये लिए। वह लगातार ऋण दिलाने का आश्वासन देता रहा। इसके लिए उसने कागजात भी लिए और क्रेडिट कार्ड भी ले लिए थे। उसने उसकी आईडी का गलत इस्तेमाल करके उस पर लोन ले लिया और साथ ही क्रेडिट कार्ड को भी एक्टिव करके उसमें से भी पैसे निकलवा लिए।


।। ओ३म् ।।




वैदिक पथ के पथिक

स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य जी

की जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित

मित्र स्मृति समारोह

(जीवन दर्शन से प्रेरणा पर चर्चा)

मुख्य वक्ता

प्रोफेसर (डॉ.) सुदेश
कुलपति
भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर, सोनीपत

डॉ. अविनाश चावला
पूर्व कुलपति
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र

अध्यक्षता

श्री देवव्रत ढांडा
प्रधान, जाट धर्मार्थ सभा, जीन्द

कार्यक्रम

शुक्रवार, 15 दिसम्बर, 2023
दोपहर 2:00 बजे

स्थान

जिमखाना क्लब, सैक्टर 9, जीन्द

आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

निवेदक

परम मित्र मानव निर्माण संस्थान

**खबर संक्षेप**

### विद्यार्थी परिषद का 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन में विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता एवं वर्तमान में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मुख्यअतिथि के रूप में पहुंचे और देश-विदेश से 10 हजार छात्र व छात्राओं की इसमें उपस्थिति रही। जिसमें हरियाणा प्रांत का 55वां प्रांत अधिवेशन भी संपन्न हुआ। इसमें विभिन्न विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को दायित्व दिए गए।

### जींदः सुशासन दिवस पर पुरस्कार समारोह 25 को

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि राज्य सरकार ने हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना 2023 को अधिसूचित किया है। हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना विशिष्ट उद्देश्यों को ध्यान में रखते तैयार की है, जिसमें सुशासन में उत्कृष्ट योगदान की पहचान और पुरस्कृत करना शामिल है। सुशासन दिवस पर 25 दिसंबर को पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा।

### जीवन में हर अवसर का सदुपयोग करना चाहिए

**सफीदों।** सफीदों की जैन स्थानक में आचार्य श्री शिव मुनि महाराज के अनुगामी जैन संत उपेंद्र मुनि महाराज ठाणे-4 पहुंचे। उपेंद्र मुनि को समाज के लोग जयघोष के साथ जैन स्थानक लेकर पहुंचे। संबोधित करते उपेंद्र मुनि महाराज ने कहा कि अनेकों जन्मों को पुण्य संचय करने के बाद मनुष्य जीवन की प्राप्ति हुई है।

### दीपेंद्र युवा ब्रिगेड संगठन के विस्तार के लिए मंथन

**उचाना।** दीपेंद्र युवा ब्रिगेड के प्रदेशाध्यक्ष विकास खटकड़ ने कांग्रेस रा'यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा से दिल्ली आवास पर मुलाकात की। यहां पर उचाना हलके की राजनीति चर्चा के साथ संगठन विस्तार को लेकर भी चर्चा की। विकास खटकड़ ने कहा कि आज युवा निरंतर दीपेंद्र हुड्डा की अगुवाई में कांग्रेस के साथ जुड़ रहा है। युवा, किसान, मजदूर, व्यापारी इस बात को जान चुका है कि उनके हित कांग्रेस में सुरक्षित है। इस बार उचाना में कांग्रेस के पक्ष में माहौल विस चुनाव से पहले बन चुका है।

### आज चौदह गांवों में पहुंचेगी यात्राः डीसी

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को जिला के सात खंड उझाना जींद, जुलाना, नरवाना और पिलूखेड़ा, सफीदों व उचाना में पहुंचेगी और 14 ग्राम पंचायतों को कवर करेगी। उपायुक्त ने बताया कि यह यात्रा उझाना खंड के गांव लोन, धमतान में जींद खंड के जुलानी, जलालपुरा खुर्द, जुलाना खंड के गांव शामलोकलां, गतौली आदि जगह पहुंचेगी।

### संदिग्ध हालत में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव हैबतपुर से युवती के गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बंधक बनाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव हैबतपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 12 दिसंबर को उसकी 20 वर्षीय भतीजी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी भतीजी का कोई सुराग नहीं लगा।

### दिशा सूचक यंत्र की तरह है सच्ची भक्तिः अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के प्रधान पंडित रामनिवास अहिरका ने कहा कि प्रभु लीलाएं विचित्र हैं। संसार सागर बड़ा ही गहन और विस्तृत है। इसे समझने के लिए मानव जीवन दुर्लभ मौका है लेकिन मानव जीवन में भी परमात्मा की सच्ची भक्ति के बिना उसके विराट स्वरूप और गहन क्रियाकलापों को इस प्रकार नहीं जाना जा सकता है।

### ताशों से जुआ खेलते तीन गिरफ्तार, मामला दर्ज

**जींद।** सीआईए स्टाफ जुलाना ने ताशों से जुआ खेलते तीन काबू कर कब्जे से 5300 रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। सीआईए को सूचना मिली थी कि गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल के निकट कुछ लोग ताशों से जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते तीन लोगों को काबू कर लिया।

## महाविद्यालय में विकसित भारत विषय पर जागरूकता कार्यक्रम

# स्टार्टअप प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय के योगेश रहे प्रथम

### आज दुनिया की आबादी तेजी से बुजुर्ग हो रही है और भारत युवा शक्ति से सशक्तः सत्यवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट द्वारा विकसित भारत विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया की आबादी तेजी से बुजुर्ग हो रही है और भारत युवा शक्ति से सशक्त है। एक अनुमान के अनुसार भारत अगले 30 वर्षों में कामकाजी उम्र की आबादी के मामले में अग्रणी रहेगा। इसलिए पूरी दुनिया भारत के युवाओं की ओर देखती है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अमन ने कहा कि युवा नए परिवार और नए समाज का निर्माण करने जा रहे हैं। इसलिए विकसित भारत कैसा हो, यह तय करने का सबसे बड़ा अधिकार हमारे युवाओं को है इसी भावना के साथ सरकार देश के हर युवा को विकसित भारत की कार्य योजना में जोड़ना चाहती है। जागरूकता कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने विकसित भारत के विचार को समझा और पोर्टल पर अपने सुझावों को साझा करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शिव कुमार, प्रो रीतु, प्रो. शमशेर सिंह का विशेष योगदान रहा।



जींद। विकसित भारत कार्यक्रम में भाग लेते छात्र।




जींद। प्रतियोगिता में स्टार्टअप का प्रदर्शन करते हुए।

### इनोवेटिव विषय पर काम करना प्रशंसनीय

राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में जिला स्तरीय ऑनलाइन स्टार्टअप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी, हिंदू कन्या महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय अलेवा आदि से विभिन्न प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने विभिन्न स्टार्टअप विचारों पर पावर प्वायंट प्रेजेंटेशन दी। प्राचार्य सत्यवान ने कहा कि किसी इनोवेटिव आइडिया के विषय में विचार करना और उस पर काम करना अपने आप में बहुत प्रशंसनीय है। कोई भी स्टार्टअप आइडिया किसी एक व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने पर काम नहीं करता बल्कि उसके साथ जुड़े बहुत सारे व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाता है। प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय जींद से योगेश कुमार ने प्रथम, अमन ने द्वितीय और प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी महाविद्यालय से निधि तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### समाज के अंतिम व्यक्ति का सर्वांगीण विकास : बीडीपीओ

**जींद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के तहत वीरवार को जींद खंड के गांव दरियावाला व बरसोला में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई व विभिन्न प्रकार की सेवाओं से लाभांवित किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी देने के साथ-साथ स्वास्थ्य की जांच भी की गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक लाभ पहुंच सके। बीडीपीओ फूल सिंह ने गांव दरियावाला व बरसोला के कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आज नागरिकों को योजनाओं को लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे बल्कि ऑनलाइन व्यवस्था से उन्हें घर बैठे ही लाभ मिल रहा है। यह यात्रा समाज के विशेषकर वंचित वगोंर् तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। कार्यक्त्रमों में सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सभी को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलवाई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की अनुबंधित नाटक मंडलियों द्वारा लगातार नाटक व गीतों के माध्यम से केंद्र व रा'य सरकार की कल्याणकारी योजना का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस अवसर पर डा. रमेश, दरियावाला गांव के सरपंच बलजीत सिंह, डा. 'योती, डा. डिंपल, सुनीता देवी, पवन, राजेश कुमार, संगति व रामदयाल उपस्थित रहे।



उचाना। उज्जवला योजना प्रार्थी को सिलेंडर-चूल्हा देते पूर्व विधायक प्रेमलता।

## समाज का विकास करना सरकार का लक्ष्यः प्रेमलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

भाजपा पूर्व विधायक प्रेमलता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। देश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं।

पूर्व विधायक प्रेमलता भारत संकल्प यात्रा के दौरान बड़ौदा गांव में ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी। यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टालों का अवलोकन करते हुए पूर्व विधायक ने लाभार्थियों से सरकार की योजनाओं के बारे में प्रतिक्रिया लेते हुए कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास कर उसे समाज की मुख्यधारा में शामिल करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है।

### स्टॉलें लगाकर ग्रामीणों को किया लाभांवित

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉलें लगा कर ग्रामीणों को सरकार द्वारा लागू की गई परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, चिरायु हरियाणा, मुद्रा योजना, स्वच्छता, हर घर जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं व नीतियों बारे जागरूक किया गया। कार्यक्रमों में टीबी, एनीमिया आदि की जांच तथा निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। आयुष विभाग की ओर से आरोग्य शिविर व योगाभ्यास एवं परिवार पहचान पत्र से संबंधित सेवाओं के लिए हेल्प डेस्क बनाया गया। इस यात्रा के दौरान कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन तथा बैंकिंग सेवाओं व ण आवेदनों के लिए भी हेल्प डेस्क लगाए गए। इस अवसर पर एसडीएम गुलजार मलिक, एबीपीओ बलिंद्र सिंह, रणपाल श्योकंद, डा. बलजीत लाठर, मा. रामप्रसाद, सीडीपीओ कांता यादव, डा. कृष्ण श्योकंद, विजय, प्रदीप मौजूद रहे।

## जैवलिन थ्रो में मृदालिनी ने जीता गोल्ड

- विजेता खिलाडियों को सनातन धर्म महिला कालेज ने किया सम्मनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



नरवाना। खिलाड़ी छात्राओं को सम्मानित करते हुए।

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने बताया कि प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने बताया कि नौवीं एनुअल एथलेटिक मीट का आयोजन 11 और 12 दिसंबर को चौधरी रणबीर सिंह विवि में हुआ। प्रतियोगिता में महाविद्यालय से भी कई छात्राओं ने भाग लिया था। प्राचार्या ने बताया कि छात्रा सोनिया ने 100 मीटर 200 मीटर में गोल्ड मेडल जीता और तमन्ना ने 200 मीटर में सेकंड पोजीशन प्राप्त की और अंजलि ने दो गोल्ड मेडल प्राप्त किया बबीता ने ट्रिपल जंपिंग फर्स्ट पोजीशन प्राप्त की मृदालिनी ने जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल तनु ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया और अंजू ने 1500 मीटर में गोल्ड मेडल कॉफी ने 5000 में सेकंड पोजीशन प्राप्त की ज्योति ने 400 और 800 मीटर में मेडल प्राप्त किया और हमारे महाविद्यालय की छात्रा को बेस्ट एथलीट चुना गया। छात्राओं के महाविद्यालय पहुंचने पर छात्राओं का स्वागत किया ज्ञाबोर उनका उत्साहवर्धन किया। इस शानदार जीत के पीछे इन विजेता छात्राओं के साथ-साथ मैडम मनीषा नैन और कोच वेद प्रकाश की मेहनत का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल, उपप्रधान राजकुमार व सचिव जियालाल गोयल ने विजेताओं को बधाई दी।

### जनसमस्याओं को लेकर 29 को विरोध-प्रदर्शन

**जींद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला की संयुक्त कन्वेंशन वीरवार को मदजूर भवन धागा मिल कालोनी में प्रेम सिंह व सीपीएम नेता फूल सिंह श्योकंद की अध्यक्षता में हुई। कन्वेंशन का संचालन कपूर सिंह ने किया और जन मुद्दों पर एक प्रस्ताव पेश किया। इसमें जन समस्याओं व जन मुद्दों को लेकर 29 दिसंबर को जिला स्तरीय प्रदर्शन करने का फैसला लिया। कन्वेंशन में सीपीआई के रा'य सहसचिव तिलकराज विनायक, तिलकराज व सीपीएम के रा'य सचिवमंडल सदस्य प्रेम चंद व रमेश चंद्र ने संबोधित किया। वक्ताओं ने बताया कि भाजपा राज में देश और प्रदेश गहरे चौतरफा संकट के दौर से गुजर रहा है। देश व प्रदेश में भाजपा सरकारों ने सत्तासीन होने के बाद बहुपक्षीय हमले किए हैं। जहां एक तरफ उसने आरएसएस के सांप्रदायिक हिंदुत्ववादी एजेंडा को आक्रामक ढंग से लागू किया है।

## विनोद सैनी समर्थकों संग भाजपा में शामिल

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने सभी को पार्टी का पटका पहनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। भाजपा में शामिल होते विनोद सैनी।

जींद विधानसभा का चुनाव लड़ चुके विनोद सैनी वीरवार को दिल्ली में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ सैनी धर्मशाला के प्रधान जिले सिंह, राजा सैनी, सतीश जांगड़ा आसन, पूर्व पार्षद रुपराम भी भाजपा में शामिल हो गए। सभी को भाजपा में शामिल करवाने के लिए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने विशेष भूमिका निभाई। नायब सैनी ने सभी को भाजपा का फटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले सभी लोगों को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। आज देश में केवल भाजपा ही अकेली पार्टी है, जो अपने कार्यकर्ताओं का पूरा मान-सम्मान करती है। इसी कारण भाजपा दिन-प्रतिदिन मजबूत होती जा रही है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहरलाल अनेक ऐसी जनकल्याण की योजनाएं चला रहे हैं, जिसका आम आदमी को लाभ मिल रहा है। आज देश व प्रदेश की जनकल्यणकारी योजनाओं के कारण ही लोगों का रुझान भाजपा की तरफ बढ़ रहा है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का लोग काफी लाभ उठा रहे हैं।



बैठक करते सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य।

### नशाबंदी की राष्ट्रीय नीति लागू करे सरकार

**जींद।** सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक वीरवार को स्वामी आर्यवेश की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन प्रदेश महासचिव अशोक आर्य ने किया। षि दयानंद के 200वें जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की। जिनमें 50 युवा चरित्र निर्माण शिविर, 15 दिवसीय बेटी बचाओ महायज्ञ, राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षक सम्मान समारोह, सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध प्रांतीय जन चेतना यात्रा, कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर, साप्ताहिक वेद कथा आदि मुख्य हैं। इन सबकी तारीखों की घोषणा जनवरी माह में रोहतक के टिटोली स्थित स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ आश्रम में आयोजित होने वाली प्रांतीय कार्यकर्ता बैठक में की जाएगी। सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने कहा कि आज युवाओं को नशे से बचाने कि आवश्यकता है। युवाओं के निर्माण से ही राष्ट्र का निर्माण संभव है। इसलिए युवाओं के निर्माण के लिए सभी सामाजिक संगठनों को सामूहिक प्रयास करना चाहिए।

## भारत में सर्वाधिक युवा वर्गः प्राचार्य

- मदिरा पान निषेध जागृति कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



नरवाना। मदिरा निषेध के बारे में जानकारी देते जयपाल।

वीरवार को के एम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में राष्ट्रीय सेवा योजना शाखा द्वारा मदिरा पान निषेध जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को अपने संदेश में प्राचार्य डॉ मीनू सिंह कहा कि भारत विश्व में सर्वाधिक युवा वर्ग है।

युवाओं को राष्ट्र की उन्नति में सर्वस्व योगदान स्वावलंबन, स्वाभिमान एवं स्वरोजगार के अंतर्गत करना चाहिए। युवा वर्ग खेलो भारत के माध्यम से उत्तम स्वास्थ्य से शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक शक्ति युवा वर्ग शक्ति का समुचित उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें। कार्यक्रम संचालक जयपाल सिंह ने कहा कि सरकार के दिशा निर्देशानुसार मदिरा पान के विरुद्ध जागृति कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को शराब से होने वाले तन, मन और धन की हानि से आवगत करते जयपाल सिंह ने कहा कि नशा बुद्धि, मन, मस्तिष्क और आत्मा को कमजोर करता है। उन्होंने बताया कि नशे से प्रतिवर्ष विश्व में 14.5-22 लाख तक मृत्यु हो रही है। औसतन हर गांव में लगभग सभी परिवारों में नशा प्रवृत्ति है जिसे लड़ाई, झगड़ा, बीमारियां और सामाजिक अपराध बढ़ रहे हैं। प्रत्येक गांव में औसतन 30 से 40 लाख रुपए प्रति वर्ष शराब पर खराब किए जाते हैं।



जींद। विजेता छात्रा को सम्मानित करते डा. धर्मदेव विद्यार्थी।

### अबेकस चैंपियनशिप में समायरा ने प्रथम स्थान पाया

**जींद।** डीएवी स्कूलों के क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी के मार्गदर्शन में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल जींद की कक्षा चौथी व पांचवी की तीन छात्राओं ने अबेकस चैंपियनशिप और ओलंपियाड 2023 में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चौथी कक्षा से समायरा ने अबेकस चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया और पांचवी कक्षा से सानवी मलिक और गायत्री गोयत ने क्रमशः 20वीं व तृतीय रैंक प्राप्त की। ओलंपियाड चैंपियनशिप में सानवी मलिक और गायत्री गोयत को नगद पुरस्कार 1100 रुपये व पांच हजार रुपये के साथ-साथ आकर्षक पुरस्कारों से भी पुरस्कृत किया गया। डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते हुए सभी छात्रों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने की प्रेरणा दी।

## खंड स्तरीय गीता महोत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन

# मॉडल संस्कृति स्कूल सफीदों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सफीदों



सफीदों। विजेता बच्चों के साथ प्राचार्य योगेंद्रपाल सिंह व अन्य।

खंड स्तरीय गीता महोत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन नगर के रामलीला मैदान में किया गया। इस प्रतियोगिता में खंड के सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राध्यापक तेजवीर और सुरेंद्र ने बताया कि इन प्रतियोगिता में के मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने 9 से 12 वर्ग में भाषण में श्रेया ने प्रथम, पेंटिंग में हरित प्रथम, निबंध में अंतरा प्रथम, संवाद में अंजलि और रौनक प्रथम, प्रश्नोत्तरी में आशु और उसकी टीम द्वितीय, श्लोक उच्चारण में खुशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 6 से 8 वर्ग में श्लोक उच्चारण में जसमीत द्वितीय, भाषण में जतिन तृतीय, प्रश्नोत्तरी में विद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉक्टर योगेंद्रपाल सिंह ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया। संबोधन में प्राचार्य योंगेद्रपाल सिंह ने कहा कि बच्चों को गीता के उपदेशों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। गीता की बातों को जीवन में अपनाने से व्यक्ति तरक्की की राह पर आगे बढ़ता है। गीता एकमात्र ऐसा ग्रंथ है जो मनुष्य को जीने का ढंग सिखाता है। गीता जीवन में धर्म, कर्म और प्रेम का पाठ पढ़ाती है।

### बच्चों को एनसीसी के इतिहास से अवगत करवाया

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 में राष्ट्रीय कैडेट कोर की इकाई की शुरुआत की गई है। इस संदर्भ में वीरवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर विभाग द्वारा बच्चों के लिए प्रेरणा स्वरूप एक व्याख्यान का आयोजन किया गया ताकि विद्यार्थी 'यादा से 'यादा एनसीसी के बारे में जान पाएं और एनसीसी से जुड़ सकें। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में 15वीं हरियाणा बटालियन एनसीससी के कर्नल अनुराग मेहता ने शिरकत की। बच्चों को एनसीसी के इतिहास से अवगत करवाया। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने बताया कि एनसीसी एक युवा विकास गतिविधि है। इसमें राष्ट्र निर्माण के असीम संभावनाएं हैं, यह देश के युवाओं में देश प्रति अपने कर्तव्यए प्रतिबद्धता, समर्पण, अनुशासन और नैतिक मूल्यों की भावना के साथ उनका सवांगीण विकास करता है ताकि वे सक्षम नेता और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने बताया कि एनसीसी का कर्तव्य है कि देश के सभी क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान करने और राष्ट्र की सेवा के लिए हमेशा उपलब्ध रहने के लिए संगठित, प्रशिक्षित और प्रेरित कर युवाओं को तैयार करना है।



जुलाना। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुती देते हरियाणवी कलाकार।

### बराड़खेड़ा में शिविर में 78 युवाओं ने किया रक्तदान

**जुलाना।** गांव बराड़खेड़ा के बाबा तकीया मंदिर में हवन, भंडारे और कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन से की गई जिसमें सैंकड़ों ग्रामीणों ने आहूति डाली। वहीं दूसरी ओर मंदिर के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 78 युवाओं ने रक्तदान किया। भंडारे में हजारों ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान हरियाणवी कलाकारों ने बाबा की महिमा का गुणगान किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि लगातार 20 वषोंर् से मंदिर में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। भंडारा पूरे गांव के सहयोग से लगाया जाता है। कार्यक्रम में गांव ही नही बल्कि दूर दूर से श्रद्धालुगण पहुंचते हैं।

## खबर संक्षेप

### आरोपित से नौ बोतल शराब की बरामद

**सफीदों** । सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 9 बोतल शराब बरामद की है। गश्त के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जसबीर सिंह निवासी डिडवाड़ा दुकान में नाजायज शराब बेचने का काम करता है। सूचना पर पुलिस ने रेड की तो दुकान के सामने एक नौजवान लड़का पुलिस पार्टी को देखकर वापस तेज कदमो से चलने लगा।

### शिविर में 45 लोगों ने किया रक्तदान

**जींद**। भारत विकास परिषद वीर शाखा जींद, जिला रैडक्रास सोसायटी तथा बराड़ गांव के ग्रामीणों के सहयोग से बाबा तकिया महाराज डेरे पर भंडारे के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर 45 युवाओं ने रक्तदान किया। रक्त से जरूरतमंद और आपातकालीन दुर्घटनाग्रस्त लोगों की जान बचाने

### मासिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**राजौंद**। रोहेडा के गौरव स्कूल में मासिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें विद्यालय के चार सदनों के विद्यार्थियों ने भाग लेते प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पहला स्थान चंद्रशेखर आजाद सदन से निधि, तनुज व खुशी ने प्राप्त किया। दूसरा शहीद-ए-आजम भगत सिंह से अंजलि, अक्षिता व रितिका ने प्राप्त किया, तीसरा स्थान सुभाष चंद्र बोस सदन से यश, तनप्रीत व

### अवैध रूप से चाकू रखने का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल**। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 पुलिस के एचसी मनीष कुमार की टीम सांयकालीन गश्त दौरान सीवन बस अड्डा पर मौजूद थी। जहां पुलिस को सहयोगी सुत्रो से गुप्त जानकारी मिली कि सीवन निवासी मगर सिंह इस समय सौंथा रोड़ पर खड़ा है। जिसके पास बटन से खुलने वाला चाकू है। जिसको रेड करके काबू किया जा सकता है। दबिश देकर संदिग्ध मगर को काबू कर लिया।

### गठबंधन सरकार सभी मोर्चों पर विफल : सिंह

**पूंडरी**। इनेलो नेता एवं गांव हजवाना निवासी इकबाल सिंह हजवाना ने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार सभी मोर्चों पर विफल साबित हुई है। आज यहां जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र व प्रदेश में सरकार ने जिस मुद्दे को लेकर सत्ता हासिल कि है, वे सिर्फ जुमलेबाजी है।

### बीमार व्यक्ति की मौत शिनाख्त में जुटी पुलिस

**जींद**। घासो रेवले स्टेशन पर गत 13 दिसंबर को एक व्यक्ति बीमार अवस्था में मिला। स्टेशन मास्टर दीपक ने व्यक्ति को एंबुलेंस के पास फोन कर नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। राजकीय रेलवे पुलिस के एचसी जितेंद्र सिंह ने बताया कि मृत व्यक्ति की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# वैध कॉलोनियों में 15 करोड़ रुपये से होंगे विकास कार्य : चेयरपर्सन

■ साढ़े छह करोड़ से तैयार किए गए प्रस्ताव को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर परिषद की तरफ से जुलाई माह में वैध की गई कालोनियों में विकास कार्य जल्द शुरू कि जाएंगे। इसके लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। करीब 15 करोड़ से ज्यादा के यह विकास कार्य हैं, इन कार्यों के शुरू होने से कालोनी वासियों को फायदा होगा। कालोनियों में कोई समस्या इसके बाद नहीं रहेगी। उल्लेखनीय है कि सरकार ने 20 कालोनियों को जुलाई माह में वैध किया था। इन कालोनियों में विकास शुरू होने से लोगों को भी राहत मिलेगी। जुलाई माह में पंथ नगर, अमृतसरिया डेरा, शुगर मिल कालोनी पार्ट-टू, रणधीर कालोनी फेस-वन, डिफेंस कालोनी, एक्सटेंशन-वन, शहीद भगत सिंह कालोनी एक्सटेंशन, अर्जुन नगर एक्सटेंशन- वन, आक्सफोर्ड स्कूल कालोनी, शुगर मिल कालोनी पार्ट-तीन, शहीद भगत सिंह एक्सटेंशन फेस-टू, जनकपुरी एक्सटेंशन-वन, जनकपुरी एक्सटेंशन-तीन, जीवन राइस मिल के पीछे वाली कालोनी, हेरिटेज स्कूल के पास कालोनी, मायापुरी कालोनी एक्सटेंशन, ओशो पुरम विस्तार, सच कैंटीन के पीछे वाली कालोनी, ओशो पुरम, राधा स्वामी सत्संग भवन- टू कालोनी के पास, कपिल नगर कालोनी को वैध किया गया था। इन कालोनियों में अब जल्द ही मूलभूत सुविधाएं शुरू हो जाएंगी।

### 20 कॉलोनियां हो चुकी वैध



*नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने बताया कि जुलाई माह में सरकार ने 20 कालोनियों को वैध किया था। शहर वासियों यह वादा भी किया था कि चेयरपर्सन बनते ही सबसे पहले अवैध कॉलोनियों को वैध करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। अब 20 कॉलोनियां वैध हो चुकी है। इन कालोनियों में विकास कार्य करवाने के लिए एस्टीमेट भी बनाए जा रहे हैं। साढ़े छह करोड़ के एस्टीमेट को मंजूरी मिल चुकी है, जल्द ही टेंडर लगाते काम शुरू कर दिया जाएगा। वही एक करोड़ से ज्यादा के जो विकास कार्य हैं, उनके एस्टीमेट बनाकर मुख्यालय को भेजे गए हैं, जैसे ही मंजूरी मिलती है तो टेंडर लगाकर विकास कार्य की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। 15 करोड़ के टेंडर लगाए गए हैं ,जो जल्द ही ओपन हो जाएंगे। इसके बाद वार्डों में विकास कार्य शुरू हो जाएंगे। शहर में विकास कार्य करवाना ही उनकी प्राथमिकता है।*

### इन कालोनियों में इस तरह से होंगे विकास कार्य

- वार्ड नंबर एक में अर्जुन नगर विस्तार एक कॉलोनी में 89.34 लाख रुपये।
- वार्ड नंबर 11 में डिफेंस कॉलोनी विस्तार दो में 84.25 लाख रुपये।
- वार्ड नंबर 20 में राधा स्वामी सत्संग भवन में 83.23 लाख रुपये।
- वार्ड नंबर 20 जीवन राइस मिल के पास नई कॉलोनी में 95.72 रुपये।
- वार्ड नंबर 20 में ओशो पुरम कॉलोनी में 66.73 लाख रुपये।
- वार्ड नंबर 19 में सच्च कैंटीन के पीछे वाली कॉलोनी 34.83 लाख रुपये।
- वार्ड नंबर 11 में अंबरसरिया डेरा में 16.72 लाख रुपये
- वार्ड नंबर पांच में हैरिजट स्कूल के पास कॉलोनी में 91.83 लाख रुपये।
- वार्ड नंबर 11 में भगत सिंह कॉलोनी में 8.62 लाख रुपये

### इन कालोनियों का भेजा जाएगा प्रस्ताव

शुगर मिल कालोनी में 1.25 करोड़
रणधीर कालोनी में दो करोड़
शहीद भगत सिंह कालोनी में 2.14 करोड़
ऑक्सफोर्ड स्कूल कालोनी में 2 करोड़
कपिल नगर में दो करोड़
मायापुरी कालोनी में 95 लाख

### मिशन कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**राजौंद**। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मिशन कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर सिंह कश्यप ने की जबकि मास्टर ट्रेनों द्वारा शिक्षा विभाग के 50 के लगभग अध्यापक, प्राध्यापक, प्रिंसिपलों तथा कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अमनदीप ने प्रशिक्षण दिया। खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर सिंह कश्यप ने बताया कि अपने कार्य के प्रति जागरूक करने के लिए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव कैलरम में पहुंची राज्यमंत्री

# किसानों की आर्थिक मजबूती के लिए प्रभावी कदम उठा रही सरकार : ढांडा

पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि किसानों को बीज से बाजार तक संरक्षण देने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बड़े व प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान स्वामीनाथन आयोग को लेकर बड़ी-बड़ी बातें की गई, लेकिन किसान की असली चिंता मोदी-मनोहर सरकार द्वारा ही की गई है। वीरवार को महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा कलायत हलके के गांव कैलरम में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंची। गांव के सरकारी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर सरपंच प्रतिनिधि नरेश कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ देने के लिए लगाए गए स्टालों का राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने अवलोकन किया व स्टालों पर मौजूद पात्र परिवारों से फीडबैक भी लिया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के किसानों की न केवल चिंता करते हैं, बल्कि उनकी चुनौतियों का समाधान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। किसानों को कृषि कार्यों के लिए सालाना छह हजार रुपये प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से दिए जा रहे हैं। इसके माध्यम से प्रदेश में अब तक 19.50 लाख किसानों के खाते में 4645 करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। किसानों की फसल खराब होने की स्थिति में मुआवजा देने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अब तक 27.22 लाख किसानों को 7600 करोड़ रुपये क्लेम दिया गया है। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से फसल नष्ट होने पर वर्ष 2014 तक 1158 करोड़ रुपये मुआवजा दिया गया था, जबकि पिछले 9 साल में हमारी सरकार किसानों की फसल खराब होने पर किसानों को अब तक 11 हजार करोड़ रुपये मुआवजा दे चुकी है। आज हरियाणा एमएसपी पर 14 फसलों की खरीद करने वाला देश का पहला राज्य है। सरकार ने मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल के माध्यम से 12 लाख किसानों के खाते में फसल खरीद के 85 हजार करोड़ रुपये ट्रांसफर करके व्यवस्था में पारदर्शिता लाने का काम किया है। गांव नरवलगढ़ में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें पात्र लोगों को मौके पर ही विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति कलायत चेयरपर्सन प्रतिनिधि नरेंद्र धानिया, पंचायत समिति सदस्य मनजीत, पूर्व सरपंच हवा सिंह, मांगेराम, सेवाराम, रामकुमार, राजकुमार, बीरबल, पंच राजबीर, दलबीर, सूरजमल, आदि मौजूद रहे।



**कैथल**। महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा कैलरम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



**कैथल**। दो विकास कार्यों का उद्घाटन करते विधायक ईश्वर सिंह।

# हलके में लगातार विकास का क्रम जारी : विधायक

■ गुहला के गांव स्यू माजरा और भाटिया में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

विधायक ईश्वर सिंह ने दावा किया है कि भारत विकसित संकल्प यात्रा में लोगों के सभी कार्य उनके घर-द्वार पर ही होने से लोग प्रसन्न हैं और गांव-गांव में होने वाले सभी कार्यक्रम सफलता के रिकार्ड तोड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम किसी रैली या जनसभा का हिस्सा नहीं है नतीजतन ये कार्यक्रम पूरी तरह से सरकारी हैं, जिसका मकसद यह है कि लोग ज्यादा से ज्यादा ऐसे कार्यक्रमों में पहुंचे और अपने रोजमर्रा के काम करवाएं। विधायक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में विधायकों व मंत्रियों की उपस्थिति का मकसद केवल यह है कि यदि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल में भी किसी का काम नहीं होता है तो लोग कार्यक्रम के दौरान वहीं बैठे हुए अपने जनप्रतिनिधियों के नोटिस में वह मामला ला सकते हैं। विधायक ईश्वर सिंह आज गुहला के गांव स्यू माजरा व भाटिया में लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले विधायक ने सभी विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया और लोगों को पूछा कि क्या स्टालों में उनके काम हो रहे हैं तो लोगों ने उन्हें बताया कि सभी कार्यक्रम सफलता की सीढियां छू रहे हैं क्योंकि अधिकारी लोगों के घर में आकर ही उनके काम कर रहे हैं, जो कि उनके लिए किसी सपने से कम नहीं है। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि गुहला हलके में लगातार विकास का क्रम जारी है और लोगों के सामूहिक विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

# विकसित राष्ट्र के लक्ष्य पर काम कर रहा देश : विधायक

■ विधायक ने बाबालदाना व बलवंती में जन संवाद कार्यक्रम में मुख्यातिथि की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

विधायक लीला राम ने कहा कि भारत देश आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के लक्ष्य पर काम कर रहा है। भारत के लिए अगले 25 साल बहुत ही अहम हैं, 2047 तक हमें मिलकर भारत को आत्मनिर्भर और विकसित देश बनाना है। ऐसे लोग जो गरीबी के कारण अपना जीवन काफी मुश्किलों भरा जी रहे हैं, उनको समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से उन गरीब व्यक्तियों तक पहुंचा जा रहा है। विधायक लीला राम वीरवार को गांव बाबालदाना व बलवंती में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। विधायक ने कहा कि वर्तमान में सरकार का उद्देश्य 140 करोड़ देशवासियों का लक्ष्य देश कोआत्मनिर्भर और विकसित बनाना है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव में दिए गए पंच प्रण ही आत्मनिर्भर और विकसित भारत का सपना साकार करने में सहायक सिद्ध होंगे। पंच प्रण यानी गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विरासत का सम्मान, महापुरुषों, लोक कलाओं-परम्पराओं पर गौरव, एकता का संकल्प और नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन। मौके पर एसडीएम कपिल कुमार, नरेश मित्तल, सतु कठवाड़, रामकुमार नैन, अमित ग्योंग, गुरनाम सिंह, मंजात कुमार, सोमी कश्यप, देवेंद्र, हाकम सिंह, संदीप कुमार, बलविंद्र सिंह, कृष्ण ढुल, शमशेर, मियां राम आदि मौजूद रहे।



**कैथल**। विधायक लीला राम बाबा लदाना में लोगों की समस्याएं सुनते।

# परीक्षा केंद्र की ऑनलाइन मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट बीएड कॉलेज में इंदिरा गांधी नेशनल ओपन विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित परीक्षा केंद्र 1099 डी में क्षेत्रीय निदेशक करनाल डॉक्टर धर्मपाल सिंह व सहायक निदेशक डॉक्टर अमित कुमार जैन द्वारा ऑनलाइन मॉनिटरिंग की व परीक्षा केंद्र में परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं व पर्यवेक्षकों से सीधी वार्तालाप की और ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा दे रहे छात्रों के अनुक्रमांक उनके पहचान पत्र व परीक्षा केंद्र में दी जा रही सुविधाओं की गहनता से जांच की। जानकारी देते हुए जाट बी.एड. कॉलेज के प्राचार्य व परीक्षा केंद्र अधीक्षक डॉक्टर दिनेश सिंह ने बताया कि विगत 2 वर्षों से इग्नू द्वारा जाट बी.एड. कॉलेज में परीक्षा केंद्र बनाया जा रहा है।

इस वर्ष भी दिसंबर 2023 परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जिसमें किसी कारण नियमित पढ़ाई ना कर सकने वाले छात्र नौकरी करते हुए अपनी शैक्षिक योग्यता बढ़ाने के लिए प्रयासरत सरकारी अर्द्ध सरकारी कर्मचारी परीक्षा देने के लिए पहुंचते हैं। परीक्षा के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय करनाल की टीम द्वारा नियमित तौर पर परीक्षार्थियों की जांच की जाती है। आज क्षेत्रीय निदेशक डॉक्टर धर्मपाल व सहायक निदेशक डॉ अमित जैन ने ऑनलाइन मॉनिटरिंग की व परीक्षा केंद्र की व्यवस्था बारे जांच की जिसमें सब कुछ व्यवस्थित ढंग से संचालित मिला। डॉ. दिनेश सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्र में छात्रों को कोई समस्या न हो इस बारे जाट हाई स्कूल सोसाईटी के प्रशासक डॉक्टर अनिल बिढान द्वारा भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं जिनकी अनुपालना सभी स्टाफ सदस्य मिलकर कर रहे हैं।



जाट बीएड कालेज में परीक्षा की ऑनलाइन मॉनिटरिंग करते अधिकारी

# वाहन चलाते समय अधिक सावधानी बरतें : उपासना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हाल ही में धुंध का मौसम शुरू हो गया है। एसपी उपासना द्वारा धुंध व कोहरे के दौरान सड़क यातायात को सुरक्षित बनाए रखने के लिए एक



एडवाइजरी जारी कर वाहन चालकों से एहतियाती उपायों व सुझावों को अपनाने का अनुरोध किया है। एसपी उपासना ने कहा कि धुंध का मौसम शुरू हो गया है। जिसके चलते सड़कों पर विजिबिलिटी कम रहेगी। कोहरे के मौसम में वाहन चलाते समय यात्रियों को अधिक सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। मौसम के पूवार्नुमान की निगरानी करते हुए वाहन चलाते समय अधिक सावधानी बरतें। उन्होंने धीमी और रक्षात्मक ड्राइविंग पर भी जोर देते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करते हुए लोग जितना अधिक सुरक्षात्मक रूप से वाहन चलाएंगे, सफर भी उतना ही सुरक्षित होगा। कुछ महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा टिप्स पर प्रकाश डालते हुए एसपी ने बताया कि वाहन चालक आगे चलने वाले वाहनों से उचित दूरी बनाए रखें और फॉग लाइट और इंडिकेटर लगातार ऑन रखें। इसके अतिरिक्त, पुलिस ने चालकों से लो-बीम लाइट के साथ ड्राइव करने का भी अनुरोध किया है क्योंकि हाई-बीम कोहरे विजिबिलिटी को कम करती है। उन्होंने वाहन चालकों से लेन बदलने और ट्रैफिक क्रॉस करने से बचने का अनुरोध करते हुए कहा कि वाहन चालक सड़क पर पेंट की गई सफेद लाइन के अंदर ड्राइव करें। ड्राइवरों को मोबाइल फोन और लाउड म्यूजिक सिस्टम के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए।

**कार्यक्रम** सही और सटीक ज्ञान की कमी बच्चों को पथभ्रष्ट कर रही: डॉ. संत कौशिक

# एमडीएन ग्लोबल स्कूल में सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव और एचआईवी एड्स पर जागरुकता सेमिनार आयोजित

आज ज्ञान के असंख्य साधन मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में बच्चों में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रयोग के दुष्प्रभावों और एचआईवी एड्स जैसी जानलेवा बीमारियों के प्रति जागरूक करने के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल, कैथल से डॉ. विनय गुप्ता (मॉनिटरिंग और एजुकेशन अधिकारी), डॉ. मिनाक्षी गोयल (एस एम ओ), डॉ. कुनिका गर्ग (आयुर्वेद विशेषज्ञ), संदीप राणा (रेड क्रॉस, कैथल) और सुनील कुमार उपस्थित रहे। सेमिनार की शुरूआत विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, मैनेजर गौरव गर्ग, चेयरपर्सन निधि कंसल और प्राचार्य डॉ. संत कौशिक द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ हुआ। डॉ. विनय गुप्ता ने तथ्यों को मस्तिष्क की वैज्ञानिक संरचना और मस्तिष्क से निष्कासित होने वाले डोपामिन जैसे हार्मोन की विस्तृत जानकारी देते सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभावों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आज के समय में सोशल मीडिया मनोरंजन का साधन न रह कर बल्कि एक लत बन गई है। ये बच्चों में डिप्रेशन और एंजायटी जैसी मनोरोगों और सामाजिक अलगाव, ईर्ष्या और आपसी तुलना की भावनाओं को जन्म देने के साथ ही उनके मनोबल पर भी प्रभाव डालती हैं। इसी के साथ डॉ. मीनाक्षी द्वारा एचआईवी और एड्स के विषय में फैली भ्रांतियों को उल्लेख करते हुए बच्चों को इस महामारी के कारणों और उपलब्ध उपचारों के विषय में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि अक्सर बच्चे इंटरनेट पर उपलब्ध गलत और अधूरे ज्ञान का प्रयोग कर स्वयं को नुकसान पहुंचा लेते हैं। इन जानलेवा बीमारियों से बचाव केवल उचित मार्गदर्शन और समय पर सही उपचार से ही संभव है जो इंटरनेट पर ना मिलकर विशेषज्ञ डॉक्टर के पास ही मिल सकता है। इसी कड़ी में एक प्रश्नोत्तरी सेशन का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संत कौशिक ने उपस्थित सभी वक्ताओं को इन अति आवश्यक जानकारियों के लिए धन्यवाद किया और कहा कि बच्चों में बढ़ते सोशल मीडिया के प्रयोग के कारण आ रहे नकारात्मक परिवर्तनों को मद्देनजर रखते हुए ही इस सेमिनार का आयोजन किया गया है। आज जहां ज्ञान के असंख्य साधन मौजूद हैं वही सही और सटीक ज्ञान की कमी बच्चों को पथभ्रष्ट कर रही है। जिस कारण समय-समय पर उचित मार्गदर्शन अनिवार्य हो जाता है और इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। समापन निदेशक डॉ. विनोद कुमार, मैनेजर गौरव गर्ग, चेयरपर्सन निधि कंसल और प्राचार्य डॉ. संत कौशिक द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करने के साथ हुआ।




**कैथल**। डा. विनय गुप्ता एमडीएन ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए।

**बोली सूचना**

ग्राम पंचायत कौल ब्लाक ढांड तहसील ढांड जिला कैथल द्वारा विविध प्रकार के 45 पेडों की खुली बोली दिनांक 26-12-2023 को ग्राम सचिवालय में प्रातः 11:00 बजे करवाई जाएगी। बोली की शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी। इच्छुक बोलीदाता समय पर पहुंचकर बोली में भाग ले सकता है।

सरपंच, ग्राम पंचायत, कौल।

## खबर संक्षेप



### नप सफाईकर्मियों ने शुरू की हड़ताल

**नरवाना।** वीरवार को राज्य कमेटी के आह्वान पर कस्बे की नगर परिषद में सफाई कर्मचारी दो दिवसीय हड़ताल पर बैठ गए। सफाई कर्मचारी जिला प्रधान जगदीश बुम्बक व सर्वकर्मचारी संघ ब्लॉक प्रधान ईश्वर सच्चाखेड़ा ने संयुक्त रूप से बताया कि 2022 में सरकार के साथ मांगों को लेकर समझौता हुआ था जिनको लेकर सरकार ने अभी तक कोई भी लिखित में पत्र जारी नहीं किया है। कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सभी अधिकारियों से मिल चुके हैं लेकिन उन्हें हर तरफ से सिर्फ आश्वासन ही मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने हमारी मांगों का पत्र जारी नहीं किया तो कर्मचारी सरकार के विरोध में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएंगे।

### चाकू से हमला कर एक को किया घायल

**कैथल।** गांव रसूलपुर में दो आरोपियों ने चाकू से हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया। गांव निवासी मनमोहन सिंह ने सीवन थाना में शिकायत दी कि 11 दिसंबर को आरोपी सोना राम व उसके पोते संकेत ने चाकू से उस पर हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। जांच अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नप सफाई कर्मियों ने नगर परिषद में दिया धरना, की नारेबाजी

# नगर परिषद सफाई कर्मियों की हड़ताल से शहर में दिख रहा सिर्फ कचरा-कचरा

- सफाई कर्मियों के लिए रेग्यूलाइजेशन की नीति बनाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नगर परिषद सफाई कर्मचारी संघ के आह्वान पर वीरवार को सफाई कर्मियों ने अपनी दो दिवसीय हडताल शुरू की। हडताली नप सफाई कर्मियों का कहना था कि मांगों को लेकर उन्हें केवल आश्वासन ही मिल रहा है और उनकी एक भी मांग पूरी नही की जा रही है। अगर सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नही किया तो वो अनिश्चितकालीन हडताल पर चले जाएंगे। जिसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी।

### नगर परिषद में दिया धरना

नगर परिषद सफाई कर्मचारी संघ के आह्वान पर वीरवार को सफाई कर्मी नगर परिषद में एकत्रित हुए और धरना दिया। जिला प्रधान विजेंद्र कांगड़ा ने कहा कि छंटनीग्रस्त कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लेने, पांच अप्रैल के समझौता को लागू करवाने के लिए टूल डाउन, पेन डाउन हड़ताल की है। सफाई का लगभग काम घर-घर से कूड़ा उठाने कूड़े को ठोस कचरा निस्तारण प्लांट पर ले जाने का काम व सीवर का काम भी सरकार ने ठेकेदारों के हवाले कर दिया है। ठेकेदार सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने में फेल हैं और पूरे हरियाणा में म्युनिसिपालिटीज में सफाई अभियान और ठेकेदारी के नाम पर बड़ी लूट भ्रष्टाचार है। जनता की खून पसीने की कमाई को लूटा जा रहा है और सफाई कर्मचारियों को ठेकेदारों का गुलाम कम वेतन में जीने के लिए मजबूर किया जा रहा है। सरकार छटंनी कर काले कानून थौंप सफाई कर्मियों का शोषण कर रही है। पिछले 26 वर्षोंर् में सफाई व सीवर कर्मचारियों की नियमित भर्ती नही की गई है। सफाई उपकरण, सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नही करवाए जा रहे हैं। केवल नेता और अधिकारी फोटो सेशन कर जनता को सफाई के नाम पर गुमराह करते हैं।





**जींद।** नगर परिषद में धरना देते हुए सफाई कर्मचारी व कचरे में मुंह मारते हुए पशु। फोटो :हरिभूमि

### यह है मांगे

रेग्यूलाइजेशन की नीति बनाई जाए। सभी प्रकार के ठेकों एवं हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग किया जाए। अग्निशमन विभाग के 1327 ड्राइवर व फायरमैनों को सृजित पदों, फायर ऑपरेटर कम ड्राइवर के पदों पर समायोजित कर पक्का किया जाए। अग्निशमन विभाग को शहरी स्थानीय निकाय विभाग में शामिल किया जाए। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को दिए गए वर्दी भत्ते में किए गए भेदभाव को दूर करते हुए अन्य कर्मचारी के समान वर्दी भत्ता व धुलाई भत्ता दिया जाए। गुरुग्राम के 3480 छंटनीग्रस्त सफाई कर्मचारियों सहित पालिकाओं, परिषदों, निगमों एवं अग्निशमन के लगभग पांच हजार कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लिया जाए। पुरानी पेंशन नीति बहाल हो। 29 अक्टूबर 2022 व पांच अप्रैल 2023 के समझौतो को लागू किया जाए। सभी वगोंर् की वेतन विसंगतिया ठीक की जाएं।

### स्वच्छता को लगा ग्रहण, शहर में लगे गंदगी के ढेर

नगर परिषद सफाई कर्मियों की हडताल के पहले दिन ही शहर की स्वच्छता को ग्रहण लगया गया। सड़कों के किनारे कूडा कर्कट व गंदगी जमा हो गई। खुले में फैंके गए कचरे का उठान न होने से आमजन को परेशानी हुई। जगह-जगह लावारिस पशुओं को कूडे तथा गंदगी में मुंह मारते हुए देखा गया। वहीं सीवरेज की सफाई भी नही हुई। जिससे नाले भी अवरूद्ध हो गए।

### लगभग 450 टन से 'यादा कूडा उगलता है शहर

450 टन से 'यादा कूडा जींद शहर हर रोज उगल रहा है। जींद शहर 31 वाडारें में बंटा हुआ है। शहर में कूड़ा सड़कों के किनारे तथा चौराहों पर खुले में न डालें, इसके लिए शहर मे 42 कलेक्शन सेंटर बनाए गए हैं। जहां से ट्रैक्टर ट्रालियों व छोटी गाड़ियों के माध्यम से कचरे को उठाया जाता है। वहीं शहर मे 45 वाहन डोर टू डोर हर रोज वाडारें में कूड़ा कलेक्शन करते हैं।



**गुहला-चीका।** अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए डोर टू डोर कर्मचारी

## कर्मियों की मांगे नहीं मानी तो बड़े आंदोलन को तैयार: गोपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले डोर टू डोर के सफाई कर्मचारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना ताऊ देवीलाल पार्क में दिया। धरने की अध्यक्षता गोपाल ने की। ब्लॉक प्रधान गोपाल ने कहा कि प्रशासन व ठेकेदार के बीच कई बार वार्ता हो चुकी है लेकिन उनकी मांगों का कोई समाधान आज तक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्य मांगे डोर टू डोर कर्मचारियों को ईपीएफ अकाउंट में केवाईसी अप्रूव की जाए, कर्मचारियों को सैलरी स्लिप दी जाए, कर्मचारियों को ईएसआई कार्ड वितरित करवाया जाए, कर्मचारियों को सर्दी के मौसम के अनुसार वर्दी जूते और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए जाएं, कर्मचारियों के द्वारा मांगे जाने पर एक्सपीरियंस सर्टिफिकेट दिया जाए, कर्मचारियों को दीपावली बोनस भी दिया जाए, उन्होंने कहा कि सभी वाहनों की समय पर सर्विस और रिपेयर करवाई जाए, कर्मचारियों की ट्रैक्टर ट्राली की मांग जो की काफी समय से की जा रही है ट्रैक्टर ट्राली उपलब्ध करवाई जाए। गोपाल ने कहा कि अगर हमारी डोर डोर कर्मचारियों की मांगे नहीं मानी गई तो हम बड़ा आंदोलन करने के लिए तैयार हैं। जिसकी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन व ठेकेदार की होगी।

**यह रहे मौजूद:** इस अवसर पर दिलबाग सिंह राहुल अजय कुमार कर्मवीर नसीब राजकुमार कुलदीप सिंह विशाल संजय कुमार जयफल शमशेर लखविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

### ठेकेदार बोले

डोर टू डोर ठेकेदार प्रदीप सिंगला ने कहा कि सभी कर्मचारियों का दिवाली बोनस इनके खाते में आ चुका है। इनका अकाउंट केवाईसी हो चुका है। जल्द ही सर्दी का सामान उपलब्ध करवा दिया जाएगा, वाहनों की सर्विस या ट्रैक्टर ट्राली की मांग जो वह कंपनी का मैटर है, कंपनी ने देखना है।

## विद्यार्थियों का किया मोटिवेशन

- अमेरिका में कार्यरत प्रिंसिपल सुरेश चहल अपनी टीम के साथ विद्यालय में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा में अमेरिका में कार्यरत प्रिंसिपल सॉफ्टवेयर इंजीनियर माइक्रोसॉफ्ट सुरेश चहल अपनी टीम के साथ विद्यालय में पहुंचे। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि विद्यालय में पहुंचने पर प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने टीम का स्वागत किया। सुरेश चहल ने विद्यार्थियों के साथ चर्चा के दौरान बताया की जैसे-जैसे उद्योग अधिक स्वचालित हो जाते हैं और समाज इलेक्ट्रॉनिक डेटा संचार पर अधिक निर्भर हो जाता है ऐसे पेशेवरों की मांग बढ़ जाती है जो तकनीकी ज्ञान और अनुभव के आधार पर सूचित निर्णय ले सकते हैं। विभिन्न प्रोग्रामिंग भाषाएं जावा, सीरु, सीए सीए और अन्य और ऑपरेटिंग सिस्टम विंडोज, यूनिक्स, लिनक्स और क्यूएनएक्स का ज्ञान अवश्य प्राप्त करें उन्होंने बताया कि लीगल तरीके से अमेरिका, कनाडा या अन्य देशों में पढ़ने में या विभिन्न कंपनियों मे कार्य करने पर चर्चा की और अपने जीवन के उदाहरण देकर विद्यार्थियों को मोटिवेशन किया। वीजा प्रक्रिया पर चर्चा करते हुए बताया कि स्टडी वीजा एफजेएम की प्रोग्रेस प्रक्रिया आप स्वयं भी अप्लाई कर सकते हो।





**नरवाना।** विद्यार्थीयों को जानकारी देते हुए। फोटो :हरिभूमि





**कैथल।** ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का अवलोकन करते डीसी प्रशांत पंवार

### सभी विधानसभा क्षेत्रों में लगाए जाएंगे ईवीएम प्रदर्शन केंद्र

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में आमजन को ईवीएम के माध्यम से वोट डालने की प्रक्रिया के संदर्भ जागरूक करने के लिए ईवीएम प्रदर्शन केंद्र लगाए हैं। कैथल विस क्षेत्र के लिए लघु सचिवालय में केंद्र बनाया गया है। कलायत व गुहला विधानसभा क्षेत्र हेतू उपमंडलाधीश कार्यालय तथा पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के लिए पूंडरी तहसील में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र शुरू किए गए हैं। यह जानकारी डीसी प्रशांत पंवार लघु सचिवालय में लगाए गए ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का अवलोकन करने उपरांत दे रहे थे। डीसी ने कहा कि यह प्रदर्शन स्थल आम चुनाव की घोषणा तक जारी रहेंगे। इसके माध्यम से लोगों को ईवीएम से वोट डालने की प्रक्रिया को समझाया जाएगा। इसमें कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवी पेट्स हैं, जिनकी पूर्ण जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। वीवी पेट्स के माध्यम से नागरिक यह जान सकता है कि उन्हें वोट किस को दिया था और क्या यह उसी उम्मीदवार को गया है।

## ग्रामीण डाक सेवकों का धरना जारी

- भारतवर्ष के पौने तीन लाख डाक सेवक हडताल पर बैठे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

वीरवार को भी कस्बे के मुख्य डाकघर के सामने ग्रामीण डाक सेवक अध्यक्षता चन्द्रहास शाखा डाकपाल सुलहेड़ा की अध्यक्षता में धरने पर बैठे रहे। उन्होंने बताया कि बार-बार हड़ताल को खत्म करने के लिए विभाग द्वारा नव.चयनित डाक सेवकों पर दवाव बनाया जा रहा है। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुए बताया कि जब तक सरकार द्वारा न्याय नहीं मिलता तब तक हड़ताल जारी रहेगी। गौरतलब है कि अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ, नई दिल्ली के आह्वान पर पूरे भारतवर्ष के पौने तीन लाख डाक सेवक अनिश्चितकालीन हडताल पर बैठे हैं। इन मांगों में मुख्य रूप से 8 घण्टे का काम, ग्रामीण डाकघरों में सुधार, चिकित्सा व पैंशन सुविधाए 12.24.36 वर्ष के पश्चात पदोन्नति शामिल है।



**नरवाना।** धरने पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते ग्रामीण डाक सेवक।

**यह रहे मौजूद:** इस मौके पर राजेन्द्र शाखा डाकपाल खरल, ओमप्रकाश सिहाग शाखा डाकपाल हमीरगढ़, राजपाल शाखा डाकपाल उझाना, सुभाष शाखा डाकपाल दुर्जनपुर, दयाकिशन शाखा डाकपाल लौन, सुरेश झील, राजकुमार दबलैन, सागर कुमार शाखा डाकपाल फुलियाँ कलां, रामफल शाखा डाकपाल सुदकैन खुर्द, सतीश कालवन, दीपक ढाबी टेक सिंह, कमलदीप अमरगढ़, जाहिर खरड़वाल, शिवम धमतान मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों से ऑनलाइन संवाद करेंगे सीएम

- 23 दिसंबर को गीता महोत्सव-2023 कार्यक्रम
- प्रत्येक खंड से 900 विद्यार्थी ऑनलाइन श्लोक उच्चारण कार्यक्रम से जुड़ेगे
- गीता के 18 शृोकों का होगा उच्चारण : डा. विजय लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

आगामी 23 दिसंबर को मुख्यमंत्री मनोहरलाल गीता महोत्सव-2023 पर प्रदेश के 105100 विद्यार्थियों के साथ ऑनलाइन संवाद करेंगे। गीता के 18 श्लोक का उच्चारण होगा। जींद में प्रत्येक खंड से 900 विद्यार्थी ऑनलाइन श्लोक उच्चारण कार्यक्रम में जुड़ेंगे। इस प्रकार जिले से कुल 6300 बच्चे हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम को लेकर छात्रों से प्रतिदिन अभ्यास कार्य करवाया जा रहा है। विद्यालयों में गीता के श्लोकों की गूंज सुनाई पड़ रही है।

### व्हाट्सअप ग्रुप बना नोडल अधिकारी कर रहे रिपोर्ट

पूरे जिला का एक व्हाट्सएप गुरप बनाया गया है। प्रत्येक नोडल अधिकारी इसके माध्यम से हेडक्वार्टर को रिपोर्ट कर रहा है। 19 दिसंबर से 21 दिसंबर को फाइनल रिहर्सल होगी। तकनीकी सहायता के लिए गुरमीत जेई, गौरव स्टेनो को नियुक्त किया गया है। प्रचार सचिव के रूप में मास्टर राम प्रसाद की ड्यूटी लगाई गई है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को मॉनिटरिंग के आदेश प्रदान कर दिए गए हैं।

### कार्यक्रम की तैयारियां पूरी

जिला शिक्षा अधिकारी डा. विजयलक्ष्मी ने बताया कि



अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम की पूरी तैयारी कर ली है। योगराज को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रत्येक खंड से एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है। डीईओ, विजयलक्ष्मी।

## पीड़ितों को जमा राशि दिलवाई जाए : राजीव

- ठगी करने वाले ग्राहक बैंक संचालक आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांढ

युवा भाकियू (मान गुट) हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड ने सरकार व पुलिस प्रशासन से पुरजोर मांग करते हुए कहा कि पूंडरी में बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र द्वारा लोगों से की गई करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के साथ पीड़ित लोगों की राशि दिलवाई जाए, नहीं तो भाकियू पीड़ित लोगों के साथ सडकों पर उतरने पर मजबूर होगी, जिसकी सारी जिम्मेवारी सरकार की होगी। कस्बे में किसानों की बैठक को संबोधित करते हुए राजीव आर्य ने कहा कि गत दिवस काफी संख्या में महिलाएं और मजदूर भाकियू के पास भी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे थे और मदद करने की गुहार लगाई थी, जिस पर भाकियू ने सारे मामले से बैंक अधिकारियों को भी अवगत करवा दिया है और इस बाबत धरना प्रदर्शन कर रोष भी जता चुके है। उन्होंने कहा कि पूंडरी के गांव फतेहपुर की सिनेमा मार्कीट में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का ग्राहक सेवा केंद्र कुछ दुकानदार चलाते थे, जिसमें वे अन्य बैंकों का भी कार्य करते थे। जिसमें फतेहपुर व पूंडरी के मजदूर लोगों ने अपनी मेहनत की कमाई बैंक ग्राहक सेवा केंद्र में जमा करवाते थे, लेकिन उसकी एवज में केंद्र संचालक फर्जी बैंक की रसीदें थमा देते थे और कई लोगों की फर्जी एफडीआर बनाकर ठगी का शिकार बनाया। इसका खुलास तब हुआ जब ये कई दिनों से अपनी दुकान में नहीं आए और लोगों ने संबंधित बैंक की शाखा में जाकर अपने खाते चेक करवाए तो पाया कि वे ठगी का शिकार हो चुके हैं, जिसकी रिपोर्ट उपभोक्ताओं ने पुलिस को भी दी। केंद्र संचालक लोगों से पैसे लेकर लगातार फर्जी रसीदे देते रहे। किसान नेता आर्य ने कहा कि अब ठगी का शिकार लोग अपनी जमा राशि पाने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे है, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। भाकियू प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ने कहा कि पुलिस प्रशासन जल्द मजदूरों की समस्या का समाधान करने के साथ जमा राशि दिलवाए।



**ढांड।** युवा भाकियू हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड बातचीत करते हुए।

## नर्सिंग आफिसर आज से काले बिल्ले लगा करेंगी काम

- नर्सिंग आफिसर एसोसिएशन ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ऑल नर्सिंग ऑफिसर वैलफेयर एसोसिएशन ने वीरवार को सीएमओ डा. गोपाल गोयल को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिला प्रधान शारदा सहरावत ने नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में मांग की गई कि नर्सिंग ऑफिसर को सी से बी ग्रुप में लिया जाए तो वहीं 7200 रुपये नर्सिंग अलाउंस दिया जाए। एसोसिएशन की जिला प्रधान शारदा सहरावत ने बताया कि नर्सिंग कैडर की लंबित मांगों के कारण कर्मचारियों में रोष बना हुआ है। इसी रोष स्वरूप सभी नर्सिंग ऑफिसर 15 दिसंबर शुक्रवार से 20 दिसंबर तक काल्ले बिल्ले बांधकर काम करेंगी और सरकार को अपना विरोध दर्ज करवाएंगी। अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो जल्द ही सभी नर्सिंग एसोसिएशन एक मंच पर एकत्रित होकर मीटिंग करेंगी और बड़ा फैसला लेंगी। सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया और मांग की गई कि सभी नर्सिंग ऑफिसर को सी से बी ग्रुप में लिया जाए और उन्हें 7200 रुपये नर्सिंग अलाउंस दिया जाए।



**जींद।** सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए नर्सिंग आफिसर।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**कार्यक्रम** मानसरोवर पार्क स्थित प. श्रीराम रंगशाला में फागुन उत्सव मनाया का आयोजन

## सामाजिक-राजनीतिक जीवन में उच्च आदर्श किए स्थापित

- भूतपूर्व कैबिनेट मंत्री नरसिंह ढांडा की पुण्यतिथि पर राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने श्रद्घासुमन किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रहे नर सिंह ढांडा ने सामाजिक-राजनीतिक जीवन में सदैव उच्च आदर्श स्थापित किए। उनके दिखाए मार्ग पर न केवल राजनीति, अपितु सामाजिक क्षेत्र में भी लोगों को आगे बढने की प्रेरणा मिली। स्वच्छ राजनीति और भेदभाव रहित परंपरा पर उनका जीवन प्रदेश भर में मिसाल है। यह कहना है महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं स्वर्गीय चौधरी नर सिंह ढांडा की धर्मपत्नी एवं हरियाणा सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा का। उन्होंने वीरवार को पैतृक गांव खेड़ी सिंबलवाली में पुत्र तुषार ढांडा, भाई दिलावर मलिक, राकेश मलिक व अन्य परिजनों सहित नर सिंह ढांडा की पुण्यतिथि के अवसर पर स्मृति स्थल पर पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्हें नमन करते हुए राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि चौधरी नर सिंह ढांडा की प्राथमिकता हमेशा खेत में काम करने वाले किसान, मजदूर, ग्रामीण और वंचित का उत्थान करने की रही। एक आम किसान परिवार से निकलकर प्रदेश के राजनीतिक पटल पर उन्होंने अपनी ईमानदार छवि, आमजन की आवाज मजबूती से उठाने के संकल्प के तौर पर पहचान बनाई। उनके सानिध्य में जो सामाजिक, राजनीतिक जीवन के पथ पर आगे बढ़ने तथा हर नागरिक की भलाई का काम करने की प्रेरणा ही आज मेरी ताकत है। उन्होंने कहा कि आज हम उनकी विचारधारा को आत्मसात करते हुए जनता के प्रति अपना फर्ज निभा रहे हैं।



### ऊर्जा संरक्षक सप्ताह ऑका समापन

**जींद।** रेलवे पावर हाउस के प्रांगण में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का समापन किया। इसका शुभारंभ गत सात दिसंबर को किया गया था। सीसेई रमेश चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि निरंतर बढ़ती वैश्विक आबादी के कारण ऊर्जा की आवश्यकताएं लगातार बढ़ रही है। संसाधनों की बढ़ती मांग के साथ ऊर्जा की मांग भी लगातार बढ़ने लगी है। इसलिए ऊर्जा संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके संरक्षण के लिए विभिन्न संसाधनों का विकास करना जरूरी है। हर साल हम 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाते हैं, जिसका उद्देश्य आम जनता के बीच ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। मौके पर अंजू कौशिक, प्रवीन कुमार, प्रगट, संतोष, कपिल, मंदीप, गुलाब, धर्मचंद, कुलबीर, हरीश व रूबी आदि थे।